# गांधी स्मृति और दर्शन समिति
# गांधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली

## निविदा सूचना

गांधी स्मृति और दर्शन समिति (GSDS), गांधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली में 16 फीट चौड़े एवं 8 फीट ऊंचे साइन बोर्ड के निर्माण, मरम्मत एवं लगाने के लिए योग्य एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित करती है।

इच्छुक ठेकेदार कार्य स्थल का निरीक्षण करके अपनी दर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कार्य का दायरा

ठेकेदार को निम्नलिखित कार्य करने होंगे:

1. साइन बोर्ड को ऊपर, नीचे, दाएं और बाएं चारों तरफ से MS शीट लगाकर बंद करना।
2. साइन बोर्ड को लगाने के लिए 6 फीट ऊंचे 2 लोहे के पिलर तैयार करके लगाना।
3. दोनों पिलरों को मजबूती से लगाने के लिए जमीन में कंक्रीट का फाउंडेशन तैयार करना।
4. उपलब्ध साइन बोर्ड/फ्रेम की आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं वेल्डिंग का कार्य करना।
5. साइन बोर्ड के सामने 16 फीट × 8 फीट की स्थायी एक्रेलिक शीट लगाना तथा उस पर UV Print करना। प्रिंट गांधी दर्शन के विज्ञापन/ब्रांडिंग के लिए होगा।
6. साइन बोर्ड के अंदर LED लाइट लगाना तथा आवश्यक वायरिंग करना।
7. साइन बोर्ड की आवश्यक धातु संरचना पर पेंट एवं फिनिशिंग का कार्य करना।
8. गांधी दर्शन में होने वाले कार्यक्रमों की होल्डिंग/बैनर लगाने के लिए अतिरिक्त फ्रेम तैयार करके लगाना।
9. उपरोक्त सभी कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री, श्रम, वेल्डिंग, परिवहन, फिक्सिंग एवं अन्य सभी खर्च ठेकेदार द्वारा किया जाएगा।
10. पूरा कार्य अच्छी गुणवत्ता, मजबूती एवं उचित फिनिशिंग के साथ किया जाना चाहिए।

### दर प्रस्तुत करने के संबंध में

ठेकेदार को उपरोक्त सम्पूर्ण कार्य के लिए एक कुल दर (Lump Sum Rate) प्रस्तुत करनी होगी।

दर में सभी आवश्यक सामग्री, मजदूरी, परिवहन, फैब्रिकेशन, वेल्डिंग, इंस्टॉलेशन एवं अन्य संबंधित खर्च शामिल होने चाहिए।

**GST/अन्य लागू करों का विवरण दर में स्पष्ट रूप से दिया जाए।**

पात्रता

1. ठेकेदार को साइन बोर्ड, MS/लोहे के कार्य, फैब्रिकेशन एवं इंस्टॉलेशन का अनुभव होना चाहिए।
2. ठेकेदार को कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करना होगा।
3. ठेकेदार के पास **PAN एवं GST नंबर** होना अनिवार्य है।
4. आवश्यकता होने पर समान प्रकार के पहले किए गए कार्य का विवरण/अनुभव प्रमाण देना होगा।

## स्थल का निरीक्षण

निविदा जमा करने से पहले इच्छुक ठेकेदार **गांधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली** में उपलब्ध साइन बोर्ड एवं स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।

ठेकेदार स्थल की स्थिति और कार्य की आवश्यकता को देखकर ही अपनी दर प्रस्तुत करें।

## कार्य पूरा करने की समय-सीमा

कार्यादेश (Work Order) जारी होने के बाद निर्धारित समय के अंदर पूरा कार्य करना होगा। कार्य पूरा करने की समय-सीमा कार्यादेश में दी जाएगी।

## निविदा जमा करने की अंतिम तिथि

टेंडर दस्तावेज गांधी स्मृति और दर्शन समिति की वेबसाइट:**www.gandhismriti.gov.in**से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 24 सितम्बर 2026

## संशोधन एवं जानकारी

इस टेंडर से संबंधित किसी भी संशोधन, शुद्धिपत्र या अन्य जानकारी केवल समिति की वेबसाइटwww.gandhismriti.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। **संपर्क: श्री मोहित मोहन कार्यालय पर्यवेक्षक एवं नरेन्द्र कुमार सम्पदा प्रभारी मोबाइल: 7982577141, 9810554005**

निदेशक
गांधी स्मृति और दर्शन समिति
गांधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली